# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी.– 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 310/2026 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक- 10.08.2026

## *प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.08.2026*
## *थाना–कोतवाली, जनपद आजमगढ़*

➡️ ***UPSSSC प्राविधिक मुख्य परीक्षा में नकल का प्रयास करने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार***

➡️ ***परीक्षा में नकल कराने की साजिश का आजमगढ़ पुलिस ने किया भंडाफोड़, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ अभ्यर्थी गिरफ्तार***

***घटना का विवरण-***

दिनांक 09.08.2026 को शिब्ली नेशनल इण्टर कॉलेज, आजमगढ़ में आयोजित *UPSSSC प्राविधिक मुख्य परीक्षा* के दौरान कक्ष निरीक्षकों को एक अभ्यर्थी की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभ्यर्थी की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें उसके *कान के अंदर छिपाई गई 01 हियरिंग डिवाइस तथा अंडरवियर में छिपाया गया 01 ब्लूटूथ डिवाइस एवं 02 सेल बैट्री* बरामद हुई। पूछताछ में अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा में बाहरी व्यक्ति से प्रश्नों के उत्तर प्राप्त कर नकल करने की योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

***गिरफ्तारी का विवरण-***

पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही अभ्यर्थी *आलोक पटेल पुत्र वंशराज पटेल, निवासी ग्राम भड़ाव, थाना जन्सा, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 24 वर्ष* को दिनांक 09.08.2026 को समय करीब 11:45 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कब्जे में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

***बरामदगी-***

- 01 हियरिंग डिवाइस
- 01 ब्लूटूथ डिवाइस
- 02 सेल बैट्री

***पंजीकृत अभियोग-***

**मु0अ0सं0 414/2026, धारा 319(2), 318(4), 61(2) बीएनएस, धारा 8, 11(6), 13(5) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 एवं धारा 66डी आईटी एक्ट-2008, थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।**

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-***

उ0नि0 सिंह प्रिन्स बीर नायक, का0 नीरज यादव एवं का0 अवधेश गुप्ता, थाना रानी की सराय, जनपद आजमगढ़।

*आजमगढ़ पुलिस द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नकल एवं परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है।*

***प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.08.2026***
***जनपद–आजमगढ़***

➡️ ***वाराणसी जोन की 29वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता में आजमगढ़ पुलिस का शानदार प्रदर्शन***

➡️ ***विभिन्न शूटिंग स्पर्धाओं में 05 महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर आजमगढ़ पुलिस ने बढ़ाया जिले का गौरव***

➡️ ***सभी शूटिंग प्रतिस्पर्धाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित कर आजमगढ़ पुलिस की टीम ने जीती चल वैजयन्ती शील्ड***

***वाराणसी जोन की 29वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता-2026*** का आयोजन जनपद मिर्जापुर में दिनांक 04.08.2026 से 07.08.2026 तक किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। *आजमगढ़ पुलिस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न शूटिंग स्पर्धाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित कर चल वैजयन्ती शील्ड अपने नाम की* तथा विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाया।

***आजमगढ़ पुलिस की प्रमुख उपलब्धियां-***

▪️ ***महिला आरक्षी शिरीना बानो* — 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग में *प्रथम स्थान*।**

▪️ ***मु0 आ0 निखिल* — 100 गज स्टैंडिंग पोजीशन में *द्वितीय स्थान*।**

▪️ ***महिला आरक्षी रीमा सिंह* — 300 मीटर थ्री पोजीशन बिग बोर में *द्वितीय स्थान*।**

▪️ ***आरक्षी अंकित सिंह* — 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष वर्ग में *प्रथम स्थान*।**

▪️ ***चल वैजयन्ती शील्ड* — सभी शूटिंग स्पर्धाओं में *सर्वाधिक अंक अर्जित कर जनपद आजमगढ़ पुलिस टीम विजेता* बनी।**

इस प्रकार आजमगढ़ पुलिस टीम द्वारा विभिन्न शूटिंग स्पर्धाओं में *प्रथम एवं द्वितीय स्थान* प्राप्त करने के साथ-साथ *सर्वाधिक अंक अर्जित कर चल वैजयन्ती शील्ड* अपने नाम की गई, जिससे जनपद आजमगढ़ का गौरव बढ़ा।

➡️ ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार*** द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का गौरव बढ़ाने वाले सभी विजेता पुलिसकर्मियों को *हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं* दी गई। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पुलिसकर्मियों की *लगन, अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं उत्कृष्ट खेल भावना* का परिणाम है। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर *जनपद आजमगढ़ एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने* के लिए प्रेरित किया।

***आजमगढ़ पुलिस अपने कर्मियों के व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ खेल एवं शूटिंग जैसी प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को निरंतर प्रोत्साहित करती है।***

**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.08.2026**
**थाना–मुबारकपुर, जनपद–आजमगढ़**

➡ *थाना मुबारकपुर के टॉप-टेन अपराधी एवं **अन्तर्जनपदीय** शातिर गोतस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार*

➡ *अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद, आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस का शिकंजा*

➡ ***अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी व थाना मुबारकपुर के टॉप-टेन अपराधी पर पुलिस का शिकंजा***

***गिरफ्तारी का विवरण-***

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में, दिनांक 10.08.2026 को चौकी प्रभारी कस्बा मुबारकपुर उ0नि0 धर्मेन्द्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग/गश्त एवं अपराधियों की तलाश के दौरान *बावन बीघा मैदान, शहीदनगर इस्लामपुरा* के पास झाड़ी में संदिग्ध अवस्था में मौजूद एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से *01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर* बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान *मो0 अबू बकर पुत्र महमूद आलम, निवासी पूरारानी, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़, उम्र करीब 24 वर्ष* के रूप में हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना मुबारकपुर पर *मु0अ0सं0 295/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट* पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***अभियुक्त का विवरण-***

*मो0 अबू बकर पुत्र महमूद आलम* निवासी–पूरारानी, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ उम्र–करीब 24 वर्ष

***बरामदगी-***

- 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर

***आपराधिक इतिहास-***

अभियुक्त थाना मुबारकपुर का *टॉप-टेन अपराधी* है तथा उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, गोवध निवारण अधिनियम, पर्यावरण अधिनियम, महामारी अधिनियम एवं गुण्डा अधिनियम सहित विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं —

- ***मु0अ0सं0 295/2026*, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़।**
- ***मु0अ0सं0 373/2020*, धारा 307 भादवि, थाना कोतवाली, जनपद अम्बेडकरनगर।**
- ***मु0अ0सं0 376/2020*, धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम, थाना कोतवाली, जनपद अम्बेडकरनगर।**
- ***मु0अ0सं0 377/2020*, धारा 15 पर्यावरण अधिनियम, थाना कोतवाली, जनपद अम्बेडकरनगर।**
- ***मु0अ0सं0 378/2020*, धारा 3 महामारी अधिनियम, थाना कोतवाली, जनपद अम्बेडकरनगर।**
- ***मु0अ0सं0 44/2020*, धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम, थाना कोतवाली, जनपद अम्बेडकरनगर।**
- ***मु0अ0सं0 NIL/2022*, धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़।**

***पंजीकृत अभियोग-***

**मु0अ0सं0 295/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़।**

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-***

उ0नि0 धर्मेन्द्र शर्मा, चौकी प्रभारी कस्बा मुबारकपुर, हे0का0 भानु पाण्डेय, का0 छोटेलाल, का0 कुलदीप थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़।

***आजमगढ़ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी है।***